पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
———————

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर राज्यपाल ने 81 श्रमिकों को थाली का सेट भेंट किया

———————

राजभवन के अधिकारियों द्वारा 71 क्षय रोग ग्रसित बच्चे गोद लिये गये

———————

राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा 7100 से अधिक पीपल के पौधे रोपित किये गये

———————

लखनऊ : 17 सितम्बर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्म दिवस के अवसर पर आज राजभवन में आयोजित एक समारोह में प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी–2020 में राजभवन उद्यान द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 81 श्रमिकों को प्रोत्साहन स्वरूप 6 थालियों का एक–एक सेट भेंट किया। इस पर कुल 1,21,500 रूपये व्यय धनराशि का वहन राजभवन द्वारा किया गया। इसके अलावा उन्होंने राजभवन उद्यान के 18 श्रमिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा जीवन बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा कराकर उन्हें प्रमाण–पत्र दिया, जिसमें श्रीमती श्यामलली, श्रीमती रामकली, श्रीमती जग्गो, श्रीमती कृष्णावती, श्रीमती प्रभुदेई, श्रीमती मालती, श्रीमती रामकली उर्फ सीमा, श्री धनीराम, श्री राजू, श्री विशन, श्री रमेश कुमार यादव, श्री अर्जुन यादव, श्रीमती लक्ष्मी, श्री रोहित यादव, श्री अरूण कुमार वर्मा, श्री रूपेश, श्री रंजीत सिंह तथा श्री कल्लू राजपूत शामिल हैं। बीमा की कुल धनराशि 4,506 रूपये का

भुगतान भी राजभवन द्वारा वहन किया गया है। उन्होंने इन श्रमिकों को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत हेल्थ गोल्डेन कार्ड की व्यवस्था किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में श्रमिकों से कहा कि थाली का जो सेट उन्हें दिया गया है, उसका प्रयोग वे स्वयं अपने परिवार के खाने के लिए ही करेंगे न कि किसी अन्य व्यक्ति को उपहार में भेंट करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्यान के श्रमिकों द्वारा प्रदर्शनी में अथक परिश्रम किये जाने के परिणामस्वरूप ही विभिन्न श्रेणियों में राजभवन उद्यान को कुल 112 पुरस्कार प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त होने के कारण ही प्रदर्शनी की सर्वश्रेष्ठ ट्राफी राजभवन उद्यान को प्राप्त हुई, जो सभी के लिए गौरव की बात है।

आज ही राज्यपाल की प्रेरणा से प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर राजभवन के अधिकारियों द्वारा क्षय रोग से पीड़ित 71 बच्चों को गोद लिया गया तथा प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा पर्यावरण सुधार की दृष्टि से 7100 से अधिक पीपल के वृक्ष रोपित किये गये।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता के अलावा अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

ओ0पी0राय/राजभवन (32/13)

श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मा0 राज्यपाल
द्वारा
प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प
में राजभवन उद्यान द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन
स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में
के कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप
वितरण कार्यक्रम
दिनांक- 17 सितम्बर, 2020
स्थान- राजभवन,
माननीय राज्यपाल

श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मा0 राज्यपाल
द्वारा
प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प
में राजभवन उद्यान द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन
स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में राजभवन
को प्रोत्साहन स्वरूप
वितरण कार्यक्रम
सितम्बर, 2020
स्थान- राजभवन,